This Question Paper consists of **45** questions and **23** printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में **45** प्रश्न तथा **23** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Roll No.
अनुक्रमांक

9084

ACCOUNTANCY
लेखांकन
(224)

Code No.
कोड नं. **70/S/O**

SET/ सेट **A**

Day and Date of Examination ....
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ....
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)
2. ....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question, i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.
5. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
6. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.
7. In case of any doubt or confusion in the question paper, the English version will prevail.
8. Write your Question Paper Code No. **70/S/O, Set – A** on the Answer-Book.
9. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any **one** of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।
5. उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रोनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है ।
7. प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा ।
8. अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **70/S/O, सेट - A** लिखें ।
9. (क) प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी **एक** भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

   कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

NOTE / निर्देश :

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 02:15 p.m. From 02:15 p.m. to 02:30 p.m., the students will read question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में 02:15 बजे किया जाएगा । दोपहर 02:15 बजे से 02:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

ACCOUNTANCY
लेखांकन
(224)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (i) This Question Paper consists of **45** questions in all.

(ii) **All** questions are compulsory. Internal choice is given in some questions.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section – A** consists of Question Nos. **1** to **20** Multiple-choice type Questions (MCQs) carrying **one** mark each. Select and write the most appropriate option out of the **four** options given in each question.

(v) **Section – B** consists of Question Nos. **21** to **23** carrying **2** marks each and Question Nos. **24** to **29** carrying **4** marks each. Attempt these questions as per the instruction given for each question.

(vi) **Section – C** consists of

(a) Question Nos. **30** to **35** very short answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30** to **50** words.

(b) Question Nos. **36** to **41** short answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50** to **80** words.

(c) Question Nos. **42** to **45** long answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80** to **120** words.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **45** प्रश्न हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) **खण्ड – A** में सम्मिलित हैं – प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न (MCQ), प्रत्येक **एक** अंक का । प्रत्येक प्रश्न में दिये गये **चार** विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखना है ।

(v) **खण्ड – B** में सम्मिलित हैं – **2** अंक वाले प्रश्न संख्या **21** से **23** तक तथा **4** अंक वाले प्रश्न संख्या **24** से **29** तक हैं । प्रत्येक प्रश्न में हेतु दिये गये निर्देशों के अनुसार उन्हें हल करना है ।

(vi) **खण्ड – C** में सम्मिलित हैं –

(a) **2** अंक वाले प्रश्न संख्या **30** से **35** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनका उत्तर **30** से **50** शब्दों की सीमा में दिया जाना है ।

(b) **3** अंक वाले प्रश्न संख्या **36** से **41** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनका उत्तर **50** से **80** शब्दों की सीमा में दिया जाना है ।

(c) **5** अंक वाले प्रश्न संख्या **42** से **45** तक दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनका उत्तर **80** से **120** शब्दों की सीमा में दिया जाना है ।

SECTION – A

खण्ड – A

Q. **1** to **20** are MCQs of **1** mark each.

प्रश्न **1** से **20** तक प्रत्येक **1** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।

1. Which accounting concept restraints accountants from recording of non-monetary transactions ? **1**

(A) Business Entity Concept (B) Money Measurement Concept

(C) Going Concern Concept (D) Dual Aspect Concept

कौन सी लेखांकन अवधारणा लेखाकारों को अमौद्रिक लेन–देनों को रिकॉर्ड करने से रोकती है ?

(A) व्यवसाय इकाई अवधारणा (B) धन माप अवधारणा

(C) सतत व्यवसाय अवधारणा (D) द्विपक्षीय अवधारणा

2. Current liabilities does NOT include **1**

(A) Bank overdraft (B) Outstanding salary

(C) Creditors (D) Bank loan

चालू देनदारियों में क्या शामिल नहीं है ?

(A) बैंक अधिविकर्ष (B) बकाया वेतन

(C) लेनदार (D) बैंक ऋण

3. Which of the following states that important and significant items should be recorded in their respective heads ? **1**

(A) Consistency convention (B) Conservation convention

(C) Materiality convention (D) Going Concern Concept

निम्नलिखित में से कौन सा कथन कहता है कि महत्त्वपूर्ण और सार्थक मदों का उनके संबंधित शीर्षों में लेखा किया जाना चाहिए ?

(A) समनुरूपता परिपाटी (B) रूढ़िवादिता परिपाटी

(C) सारता परिपाटी (D) सतत व्यापार अवधारणा

4. Out of the following which is an internal liability of the business ? **1**

(A) Creditors (B) Reserve

(C) Bank loan (D) Outstanding wages

निम्नलिखित में से कौन सा व्यवसाय का आंतरिक दायित्व है ?

(A) लेनदार (B) संचय

(C) बैंक ऋण (D) बकाया मजदूरी

5. In the absence of which concept, the cost of a fixed asset will be treated as an expense in the year of its purchase ? **1**

(A) Business Entity Concept

(B) Money Measurement Concept

(C) Going Concern Concept

(D) Dual Aspect Concept

किस अवधारणा के अभाव में, एक स्थायी परिसंपत्ति की लागत को उसके क्रय वर्ष में व्यय माना जाएगा ?

(A) व्यवसाय इकाई अवधारणा (B) धन माप अवधारणा

(C) सतत व्यवसाय अवधारणा (D) द्विपक्षीय अवधारणा

6. Fundamental accounting equation is : **1**

(A) Assets = Liabilities + Capital

(B) Assets = Liabilities – Capital

(C) Assets = Liabilities × Capital

(D) Assets = Liabilities / Capital

मौलिक लेखांकन समीकरण है :

(A) परिसंपत्तियाँ = देयताएँ + पूँजी (B) परिसंपत्तियाँ = देयताएँ – पूँजी

(C) परिसंपत्तियाँ = देयताएँ × पूँजी (D) परिसंपत्तियाँ = देयताएँ / पूँजी

7. A company purchased Furniture of ₹ 5,00,000 in the beginning of the year and its life span is 25 years. According to going concern concept, at the end of the year expense will be shown : **1**

(A) ₹ 5,00,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 2,50,000

एक कंपनी ने वर्ष की शुरुआत में ₹ 5,00,000 का फर्नीचर खरीदा और इसका जीवनकाल 25 वर्ष है । सतत व्यवसाय अवधारणा के अनुसार वर्ष के अंत में व्यय इस प्रकार दिखाया जाएगा :

(A) ₹ 5,00,000 (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 10,000 (D) ₹ 2,50,000

8. A business has unsold stock of precious metals like gold, diamond etc. at the end of year. The cost price is ₹ 4,00,000 and its market price is ₹ 4,20,000. At which price the unsold stock should be recorded ? **1**

(A) ₹ 4,00,000 (B) ₹ 4,10,000

(C) ₹ 4,20,000 (D) ₹ 8,20,000

एक व्यवसाय के पास वर्ष के अंत में सोना, हीरा आदि कीमती धातुओं का बिना बिका स्टॉक है । लागत मूल्य ₹ 4,00,000 है और इसका बाजार मूल्य ₹ 4,20,000 है । बिना बिके स्टॉक को किस मूल्य पर अभिलेखित किया जाना चाहिए ?

(A) ₹ 4,00,000 (B) ₹ 4,10,000

(C) ₹ 4,20,000 (D) ₹ 8,20,000

9. What will be the affected accounts in case of cash withdrawn from bank for office use ? **1**

(A) Drawing A/c and Cash A/c (B) Only Cash A/c

(C) Only Bank A/c (D) Bank A/c and Cash A/c

कार्यालय उपयोग के लिए बैंक से रोकड़ निकासी के मामले में कौन से खाते प्रभावित होंगे ?

(A) आहरण खाता और नकद खाता (B) केवल नकद खाता

(C) केवल बैंक खाता (D) बैंक खाता और नकद खाता

10. Which accounts will be affected in case of bad debts of ₹ 10,000 ? **1**

(A) Only Bad Debts A/c

(B) Only Customer A/c

(C) Bad Debts and Customer A/c

(D) Cash and Capital A/c

₹ 10,000 के डूबत ऋण के मामले में कौन से खाते प्रभावित होंगे ?

(A) केवल डूबत ऋण खाता (B) केवल ग्राहक खाता

(C) डूबत ऋण और ग्राहक खाता (D) नकद और पूँजी खाता

11. How many accounts will be affected when cash paid ₹ 19,800 to Nipun, a creditor, in full settlement of his account of ₹ 20,000 ? **1**

(A) 4 (B) 3

(C) 1 (D) 2

जब निपुण, एक लेनदार, को उसके खाते के ₹ 20,000 के पूर्ण निपटान में ₹ 19,800 रोकड़ भुगतान किए तो कितने खाते प्रभावित होंगे ?

(A) 4 (B) 3

(C) 1 (D) 2

12. Which account will be debited for withdrawing cash from bank for personal use ? **1**

(A) Cash A/c (B) Goods A/c

(C) Drawing A/c (D) Bank A/c

व्यक्तिगत उपयोग के लिए बैंक से रोकड़ निकालने पर किस खाते को नामित किया जाएगा ?

(A) रोकड़ खाता (B) माल खाता

(C) आहरण खाता (D) बैंक खाता

13. Which of the following are NOT examples of subsidiary books ? **1**

(i) Cash book

(ii) Credit book

(iii) Purchase book

(iv) Capital book

(A) (i) and (ii) only (B) (ii) and (iv) only

(C) (i), (ii) and (iii) only (D) (i), (ii), (iii) and (iv)

निम्नलिखित में से कौन सहायक बहियों के उदाहरण नहीं हैं ?

(i) रोकड़ बही

(ii) उधार बही

(iii) क्रय बही

(iv) पूँजी बही

(A) केवल (i) और (ii) (B) केवल (ii) और (iv)

(C) केवल (i), (ii) और (iii) (D) (i), (ii), (iii) और (iv)

14. Which document shows sale of goods on credit ? **1**

(A) Cash Memo (B) Receipt

(C) Invoice (D) Bank Slip

कौन सा प्रलेख उधार पर माल की बिक्री दर्शाता है ?

(A) कैश मेमो (B) रसीद

(C) बीजक (D) बैंक स्लिप

15. Goods sold to Prisha on credit, the entry will be recorded **1**

(A) In the Cash Book (B) In the Sales Book

(C) In the Journal proper (D) In the Return inward book

प्रिशा को उधार पर माल बेचा गया, प्रविष्टि दर्ज की जाएगी

(A) रोकड़ बही में (B) विक्रय बही में

(C) रोजनामचा विशेष में (D) विक्रय वापसी बही में

16. Simple cash book records : **1**

(A) only cash receipts and cash payments

(B) only cash receipts and bank payments

(C) only bank receipts and cash payments

(D) only cash payments

साधारण रोकड़ बही लेखा करती है :

(A) केवल नकद प्राप्तियाँ और नकद भुगतान

(B) केवल नकद प्राप्तियाँ और बैंक भुगतान

(C) केवल बैंक प्राप्तियाँ और नकद भुगतान

(D) केवल नकद भुगतान

17. The term 'Credit' indicate whether the transaction is to be recorded on the : **1**

(A) left hand side of the account

(B) right hand side of the account

(C) left hand side and right hand side of the account

(D) left hand side or right hand side of the account

'क्रेडिट' शब्द यह संकेत देता है कि लेन-देन को दर्ज किया जाना है

(A) खाते के बाएँ पक्ष पर

(B) खाते के दाएँ पक्ष पर

(C) खाते के बाएँ पक्ष पर और दाएँ पक्ष पर

(D) खाते के बाएँ पक्ष पर या दाएँ पक्ष पर

18. Which of the following device is an input device ? **1**

(A) Printer (B) Speaker

(C) Bar code reader (D) Monitor

निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण इनपुट डिवाइस है ?

(A) प्रिंटर (B) स्पीकर

(C) बार कोड रीडर (D) मॉनिटर

19. Out of the following, which is/are NOT the limitation(s) of a computer ? **1**

(A) High cost of installation

(B) High cost of training

(C) Cost effective maintenance

(D) Both (A) and (B)

निम्नलिखित में से कौन सी कम्प्यूटर की सीमा/सीमाएँ नहीं है/हैं ?

(A) स्थापना की उच्च लागत

(B) प्रशिक्षण की उच्च लागत

(C) लागत प्रभावी रखरखाव

(D) (A) और (B) दोनों

20. Which unit co-ordinates the activities of all the components of the computer ? **1**

(A) Control unit (B) Memory unit

(C) Arithmetic unit (D) Logic unit

कौन सी इकाई कम्प्यूटर के सभी घटकों की गतिविधियों का समन्वय करती है ?

(A) नियंत्रण इकाई (B) मेमोरी इकाई

(C) अंकगणित इकाई (D) तर्क इकाई

SECTION – B

खण्ड – B

Answer Qu. **21** to **29** below.

नीचे प्रश्न **21** से **29** का उत्तर दें।

21. Complete the following statements : **2 × 1**

(a) Accounting Concepts refer to the _________.

(b) Going concern concept states that a business firm will continue to carry on its activities for an _________.

निम्नलिखित कथनों को पूरा करें :

(a) लेखांकन अवधारणाएँ _________ को संदर्भित करती हैं।

(b) सतत व्यवसाय अवधारणा कहती है कि एक व्यावसायिक फर्म अपनी गतिविधियों को _________ तक जारी रखेगी।

22. Match the following : **2 × 1**

(a) Creditor for loan	(i) bank overdraft
(b) Creditor for expense	(ii) rent due but not paid

निम्नलिखित का मिलान करें :

(a) ऋण के लिए लेनदार	(i) बैंक अधिविकर्ष
(b) व्यय के लिए लेनदार	(ii) बकाया लेकिन भुगतान न किया गया किराया

23. Fill in the blanks : **2 × 1**

Input unit is controlling the various input devices which are used for entering ________ into the ________.

रिक्त स्थान भरें :

इनपुट यूनिट विभिन्न इनपुट डिवाइसों को नियंत्रित करती है जिनका उपयोग ________ को ________ में प्रविष्ट करने के लिए किया जाता है।

24. Give **one** word answer for the following : **4 × 1**

(a) Which accounting concept helps the accountant in detecting errors ?

(b) What refers to amount of goods drawn by the proprietor from the business for his personal or domestic use ?

(c) What is the term used for the assets which cannot be seen and touched ?

(d) What is the claim of proprietor and outsiders termed as ?

निम्नलिखित के लिए **एक** शब्द में उत्तर दें :

(a) कौन सी लेखांकन अवधारणा लेखाकार को त्रुटियों का पता लगाने में मदद करती है ?

(b) स्वामी द्वारा अपने व्यक्तिगत या घरेलू उपयोग के लिए व्यवसाय से निकाले गए माल को क्या कहते हैं ?

(c) उन परिसंपत्तियों के लिए क्या शब्द इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें देखा और छुआ नहीं जा सकता ?

(d) स्वामी और बाहरी लोगों के दावे को क्या कहा जाता है ?

25. Write the two aspects (effects) of the following transactions : **4 × 1**

(a) Wages paid

(b) Goods returned to Minakshi

(c) Furniture purchased from Rakesh

(d) Received cash from Kamlesh

निम्नलिखित लेन–देन से प्रभावित दो पक्ष लिखें :

(a) भुगतान की गई मजदूरी

(b) मिनाक्षी को लौटाया गया माल

(c) राकेश से खरीदा गया फर्नीचर

(d) कमलेश से प्राप्त नकद राशि

26. Match the following : **4 × 1**

(a)	Supporting vouchers	(i)	date-wise record of all transactions
(b)	Journal	(ii)	affect more than two accounts
(c)	Compound entries	(iii)	rent receipt
(d)	Cash book balance	(iv)	asset

निम्नलिखित का मिलान करें :

(a)	सहायक प्रमाणक	(i)	सभी लेन-देन का तिथिवार रिकॉर्ड
(b)	रोजनामचा	(ii)	दो से अधिक खातों को प्रभावित करना
(c)	मिश्रित प्रविष्टियाँ	(iii)	किराये की रसीद
(d)	रोकड़ बही शेष	(iv)	संपत्ति

27. Identify whether the following are Debit Vouchers, Credit Vouchers or Transfer Vouchers : **4 × 1**

(a) Repayment of loan (b) Cash receipts from debtors

(c) Depreciation on Machine (d) Purchase goods from Ravi

पहचानें कि निम्नलिखित में से कौन सा नाम प्रमाणक, जमा प्रमाणक या हस्तांतरण प्रमाणक है :

(a) ऋण की अदायगी (b) देनदारों से नकद प्राप्तियाँ

(c) मशीन पर मूल्यह्रास (d) रवि से माल की खरीद

28. From the following transactions, state the titles and types of accounts to be debited and the account to be credited : **4 × 1**

(a) Cash deposited into Bank ₹ 50,000

(b) Cash received from Monu ₹ 8,000

(c) Paid for cartage ₹ 2,000

(d) Paid insurance by Cheque ₹ 9,000

निम्नलिखित लेन-देन से डेबिट किए जाने वाले खातों के शीर्षक तथा प्रकार और क्रेडिट किए जाने वाले खाते का उल्लेख करें :

(a) बैंक में जमा की गई नकदी ₹ 50,000

(b) मोनू से रोकड़ प्राप्त ₹ 8,000

(c) भाड़ा के लिए भुगतान ₹ 2,000

(d) चेक द्वारा बीमा का भुगतान ₹ 9,000

29. State True or False for the following sentences : **4 × 1**

(a) A computer consists of five major components,

(b) A computer is better than human being in various aspects.

(c) The computerized accounting does not use the concept of databases.

(d) Computer hardware and software need to be updated from time to time.

निम्नलिखित वाक्यों के लिए सत्य या असत्य बताएँ :

(a) एक कम्प्यूटर में पाँच प्रमुख घटक होते हैं ।

(b) एक कम्प्यूटर विभिन्न पहलुओं में मनुष्य से बेहतर है ।

(c) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन डेटाबेस की अवधारणा का उपयोग नहीं करता है ।

(d) कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करने की आवश्यकता होती है ।

SECTION – C

खण्ड – C

Answer Qu. **30** to **45** below. Internal choices have been given wherever necessary.

नीचे प्रश्न **30** से **45** का उत्तर दें । जहाँ आवश्यक है, आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।

30. (a) Why is bank column cash book maintained ? **2**

बैंक कॉलम रोकड़ बही को क्यों बनाई जाती है ?

OR/अथवा

(b) Explain errors of Complete Omission.

पूर्ण चूक की त्रुटियों की व्याख्या करें ।

31. State the types of accounts as per modern classification. **2**

आधुनिक वर्गीकरण के अनुसार खातों के प्रकार बताइए ।

32. (a) Define Trial balance. **2**

तलपट को परिभाषित करें ।

OR/अथवा

(b) Why are financial statements prepared ?

वित्तीय विवरण क्यों तैयार किये जाते हैं ?

33. Explain the concept of depreciation. **2**

ह्रास की अवधारणा को समझाइए ।

34. Enumerate objectives of preparing Balance Sheet. **2**

स्थिति विवरण तैयार करने के उद्देश्यों को गिनाइए ।

35. (a) Give adjustment entry of Prepaid Expenses in the Journal with the help of a suitable example. **2**

उपयुक्त उदाहरण की सहायता से रोजनामचे में पूर्वदत्त व्ययों की समायोजन प्रविष्टि दीजिए ।

OR/अथवा

(b) From the following information, prepare Profit & Loss Account of M/s Aruna Traders for the year ending on 31-03-2024 :

	₹
Gross Profit	16,000
Freight outwards	2,000
Office rent	3,000
Insurance premium	2,500
Telephone charges	800
Interest received	1,000
Discount received	2,000
Discount allowed	500

निम्नलिखित जानकारी से 31-03-2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए मेसर्स अरुणा ट्रेडर्स का लाभ और हानि खाता तैयार करें :

	₹
सकल लाभ	16,000
जावक भाड़ा	2,000
कार्यालय किराया	3,000
बीमा प्रीमियम	2,500
टेलीफोन शुल्क	800
प्राप्त ब्याज	1,000
प्राप्त छूट	2,000
दी गई छूट	500

36. Explain the effect of Cash Paid-into Bank in bank column cash book. **3**

बैंक कॉलम रोकड़ बही में रोकड़ के बैंक में जमा के प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

37. (a) How charging depreciation helps to show the true Financial Position of the Business ? **3**

मूल्यह्रास लगाना व्यवसाय की वास्तविक वित्तीय स्थिति को दर्शाने में किस प्रकार सहायक होता है ?

OR/अथवा

(b) Explain the diminishing balance method of depreciation.

मूल्यह्रास की घटती शेष विधि का वर्णन करें ।

38. Explain errors of principles. **3**

सिद्धांतों की त्रुटियों को समझाइए ।

39. The books of accounts of Mr. Kapil showed the following :

The value of Plant is ₹ 10,00,000 as on 31-3-2024 and value of Machinery is ₹ 1,50,000 as on 31-3-2024. Depreciation, is to be charged on these assets @ 10% p.a. How will you reflect the given transaction in the Profit & Loss Account and Balance Sheet on 31-3-2024 ? **3**

श्री कपिल की खाता बही में निम्नलिखित दर्शाया गया है :

31-3-2024 को प्लांट का मूल्य ₹ 10,00,000 है और 31-3-2024 को मशीनरी का मूल्य ₹ 1,50,000 है । इन परिसंपत्तियों पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाया जाना है । 31-3-2024 को लाभ और हानि खाते तथा स्थिति विवरण में आप दिए गए लेन-देन को कैसे दर्शाएँगे ?

40. (a) Ambika Limited purchased a machine on April 1, 2023 for ₹ 9,00,000 whose life was expected to be 10 years. Its estimated scrap value at the end of 10 years was ₹ 90,000. Find the amount of depreciation to be charged to the Profit and Loss Account every year. Calculate the rate on which depreciation is to be charged every year. **3**

अंबिका लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 2023 को ₹ 9,00,000 में एक मशीन खरीदी, जिसका अनुमानित जीवन 10 साल था । 10 साल के अंत में इसका अनुमानित स्क्रैप मूल्य ₹ 90,000 था । हर साल लाभ और हानि खाते में लगाए जाने वाले मूल्यह्रास की राशि ज्ञात करें । उस दर की गणना करें जिस पर हर साल मूल्यह्रास लगाया जाना है ।

OR/अथवा

(b) From the following balances extracted from the books of M/s Trisha, prepare a Trading Account for the year ended 31st March, 2024 :

Particulars	**Amount (₹)**
Opening Stock as on 1-4-2023	24,000
Purchases	2,00,000
Freight	18,000
Power	3,000
Custom Duty	1,000
Sales	2,60,000

Closing Stock as on 31st March, 2024 ₹ 30,000.

मेसर्स त्रिशा की पुस्तकों से निकाले गए निम्नलिखित शेषों से, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए एक व्यापार खाता तैयार करें :

विवरण	**राशि (₹)**
1-4-2023 को प्रारंभिक स्टॉक	24,000
खरीद	2,00,000
माल ढुलाई	18,000
बिजली	3,000
सीमा शुल्क	1,000
बिक्री	2,60,000

31 मार्च, 2024 को अंतिम स्टॉक ₹ 30,000 ।

41. (a) Explain the Depreciation adjustment entry and their treatment in the financial statements. **3**

वित्तीय विवरणों में मूल्यह्रास समायोजन प्रविष्टि और उसके व्यवहार की व्याख्या करें ।

OR/अथवा

(b) A generator was purchased for ₹ 5,00,000. ₹ 1,500 was paid for the crane for its loading on the truck, ₹ 7,000 was paid for transporting the generator to the factory. ₹ 2,000 was spent on its unloading at the factory site. The generator was estimated to run for 10 years and thereafter would be saleable for ₹ 60,000. Calculate the depreciable value of the generator.

एक जनरेटर ₹ 5,00,000 में खरीदा गया था । ट्रक पर इसे लोड करने के लिए क्रेन के लिए ₹ 1,500 का भुगतान किया गया था, जनरेटर को कारखाने में ले जाने के लिए ₹ 7,000 का भुगतान किया गया था । कारखाने की साइट पर इसे उतारने पर ₹ 2,000 खर्च किए गए थे । जनरेटर को 10 साल तक चलाने का अनुमान था और उसके बाद इसे ₹ 60,000 में बेचा जा सकता था । जनरेटर के मूल्यह्रासनीय मूल्य की गणना करें ।

42. (a) Explain the objectives of preparing trial balance. **5**

तलपट तैयार करने के उद्देश्यों की व्याख्या करें ।

OR/अथवा

(b) Explain the process of journalizing with example.

रोजनामचा में प्रविष्टि की प्रक्रिया को उदाहरण सहित समझाएँ ।

43. (a) Enter the following transactions of Ripinder, Delhi in a Single Column Cash Book and balance it : **5**

2019		**₹**
Jan. 1	Ripinder started business with capital	2,00,000
Jan. 2	Purchased furniture for cash	50,000
Jan. 3	Purchased goods for cash	30,000
Jan. 5	Paid freight	500
Jan. 7	Sold goods for cash	28,000
Jan. 10	Paid to Ramesh	20,000
Jan. 15	Sold goods for cash	10,000
Jan. 20	Paid wages	10,000
Jan. 25	Purchased goods from Raj on credit	20,000
Jan. 31	Paid rent by Cheque	5,000

रिपिंदर, दिल्ली के निम्नलिखित लेन–देनों को साधारण रोकड़ बही में दर्ज करें और उसका शेष निकालें :

2019		₹
1 जनवरी	रिपिंदर ने पूँजी से कारोबार शुरू किया	2,00,000
2 जनवरी	फर्नीचर खरीदा नकद	50,000
3 जनवरी	माल खरीदा नकद	30,000
5 जनवरी	माल ढुलाई का भुगतान किया	500
7 जनवरी	माल बेचा नकद	28,000
10 जनवरी	रमेश को भुगतान किया	20,000
15 जनवरी	माल बेचा नकद	10,000
20 जनवरी	मजदूरी का भुगतान किया	10,000
25 जनवरी	राज से उधार माल खरीदा	20,000
31 जनवरी	चैक से किराया चुकाया	5,000

OR/अथवा

(b) What is Position Statement ? Explain its items in detail.

स्थिति विवरण क्या है ? इसके मदों को विस्तार से समझाएँ ।

44. Journalise the following transactions in the books of Miss Nivedita : **5**

2024 May	1	Commenced business with Cash ₹ 2,10,000.
	4	Purchased goods for cash ₹ 60,000.
	5	Sold goods for cash ₹ 70,000.
	9	Deposited into Bank of India ₹ 1,00,000.
	13	Paid for stationery ₹ 10,000

सुश्री निवेदिता की पुस्तकों में निम्नलिखित लेन–देनों की रोजनामचा प्रविष्टियाँ करें :

2024 मई	1	नकद ₹ 2,10,000 के साथ कारोबार शुरू किया ।
	4	नकद ₹ 60,000 में माल खरीदा ।
	5	नकद ₹ 70,000 में माल बेचा ।
	9	बैंक ऑफ इण्डिया में ₹ 1,00,000 जमा किए ।
	13	स्टेशनरी के लिए ₹ 10,000 का भुगतान किया ।

45. Prepare Trading and Profit & Loss Account and Balance Sheet from the following balances, relating to the year ended 31st March, 2019 : **5**

Particular	**Amount (₹)**	**Particular**	**Amount (₹)**
Capital	1,00,000	Wages	50,000
Creditors	12,000	Bank	10,000
Returns Outward	5,000	Repairs	500
Sales	1,64,000	Stock on 1st April, 2018	20,000
Bills Payable	5,000	Rent	4,000
Plant and Machinery	40,000	Manufacturing Expenses	8,000
Sundry Debtors	24,000	Trade Expenses	7,000
Drawings	10,000	Bad Debts	2,000
Purchases	1,05,000	Carriage	1,500
Returns Inward	3,000	Fuel and Power	1,000

Additional Information :

(a) Closing Stock was valued at ₹ 14,500.

(b) Depreciate Plant and Machinery by ₹ 4,000.

(c) ₹ 400 is due for repairs.

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष से संबंधित निम्नलिखित शेष राशि से व्यापार और लाभ–हानि खाता और स्थिति विवरण तैयार करें :

विवरण	**राशि (₹)**	**विवरण**	**राशि (₹)**
पूँजी	1,00,000	मजदूरी	50,000
लेनदार	12,000	बैंक	10,000
क्रय वापसी	5,000	मरम्मत	500
विक्रय	1,64,000	1 अप्रैल, 2018 को स्टॉक	20,000
बिल देय	5,000	किराया	4,000
संयंत्र और मशीनरी	40,000	विनिर्माण व्यय	8,000
विविध देनदार	24,000	व्यापार व्यय	7,000
आहरण	10,000	डूबत ऋण	2,000
क्रय	1,05,000	भाड़ा	1,500
विक्रय वापसी	3,000	ईंधन और बिजली	1,000

अतिरिक्त जानकारी :

(a) अंतिम स्टॉक का मूल्य ₹ 14,500 था ।

(b) संयंत्र और मशीनरी का मूल्यह्रास ₹ 4,000 किया गया ।

(c) मरम्मत के लिए ₹ 400 बकाया है ।